May 04th, 2020

**English Translation of Statement by Congress President, Smt. Sonia Gandhi**

Our workers and labourers form the backbone of our economy. Their hard work and sacrifice are the foundation of our nation.

As the Central Government barely gave a four-hour notice of the lockdown, workers and migrant labourers were denied the opportunity to return to their homes. Post the partition of 1947, this is the first time India witnessed a tragedy with such a massive human cost as thousands of migrant workers and labourers were forced to walk home several hundred kilometres on foot- without food, without medicines, without money, without transportation, without anything except for the desire to return to their families and loved ones. The very thought of their plight is enough to break our hearts as there was also the outpouring of support from fellow Indians for their inspiring resolve.

But what is the responsibility of our Government? Even today, lakhs of workers and migrant labourers are languishing in different parts of the country and wish to return to their homes and families but there is neither adequate money nor provision for free transport. What is particularly disturbing is that the Central Government and the Rail Ministry are charging them for train tickets in this hour of crisis.

Our workers and labourers are the ambassadors of our nation's growth. When our Government can recognise its responsibility by arranging free air travel for our citizens stranded abroad, when the Government can spend nearly Rs. 100 crores on transport and food etc. for just one public programme in Gujarat, when the Rail Ministry has the largesse to donate Rs. 151 Crores to the PM's Corona fund, then why can't these essential members of our nation's fabric be given a fraction of the same courtesy, especially free rail travel, at this hour of acute distress?

The Indian National Congress has been raising this issue from the outset of the lockdown. There needs to be provisions for the safe and free rail travel of migrant workers and labourers to their home-towns. However, despite our repeated demands, the Central Government and the Rail Ministry have chosen to completely ignore the same.

**The Indian National Congress has, therefore, taken a decision that every Pradesh Congress Committee shall bear the cost for the rail travel of every needy worker and migrant labourer and shall take necessary steps in this regard.** This will be the Indian National Congress' humble contribution in service of our compatriots and to stand shoulder to shoulder in solidarity with them.

प्रेस विज्ञप्ति

4 मई, 2020

# कांग्रेस अध्यक्षा, श्रीमती सोनिया गांधी का बयान

श्रमिक व कामगार देश की रीढ़ की हड्डी हैं। उनकी मेहनत और कुर्बानी राष्ट्र निर्माण की नींव है।

सिर्फ चार घंटे के नोटिस पर लॉकडाऊन करने के कारण लाखों श्रमिक व कामगार घर वापस लौटने से वंचित हो गए। 1947 के बंटवारे के बाद देश ने पहली बार यह दिल दहलाने वाला मंजर देखा कि हजारों श्रमिक व कामगार सैकड़ों किलोमीटर पैदल चल घर वापसी के लिए मजबूर हो गए। न राशन, न पैसा, न दवाई, न साधन, पर केवल अपने परिवार के पास वापस गांव पहुंचने की लगन। उनकी व्यथा सोचकर ही हर मन कांपा और फिर उनके दृढ़ निश्चय और संकल्प को हर भारतीय ने सराहा भी।

पर देश और सरकार का कर्तव्य क्या है? आज भी लाखों श्रमिक व कामगार पूरे देश के अलग अलग कोनों से घर वापस जाना चाहते हैं, पर न साधन है, और न पैसा। दुख की बात यह है कि भारत सरकार व रेल मंत्रालय इन मेहनतकशों से मुश्किल की इस घड़ी में रेल यात्रा का किराया वसूल रहे हैं।

श्रमिक व कामगार राष्ट्रनिर्माण के दूत हैं। जब हम विदेशों में फंसे भारतीयों को अपना कर्तव्य समझकर हवाई जहाजों से निशुल्क वापस लेकर आ सकते हैं, जब हम गुजरात के केवल एक कार्यक्रम में सरकारी खजाने से 100 करोड़ रु. ट्रांसपोर्ट व भोजन इत्यादि पर खर्च कर सकते हैं, जब रेल मंत्रालय प्रधानमंत्री के कोरोना फंड में 151 करोड़ रु. दे सकता है, तो फिर तरक्की के इन ध्वजवाहकों को आपदा की इस घड़ी में निशुल्क रेल यात्रा की सुविधा क्यों नहीं दे सकते?

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मेहनतकश श्रमिकों व कामगारों की इस निशुल्क रेलयात्रा की मांग को बार बार उठाया है। दुर्भाग्य से न सरकार ने एक सुनी और न ही रेल मंत्रालय ने।

**इसलिए, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की हर इकाई हर जरूरतमंद श्रमिक व कामगार के घर लौटने की रेल यात्रा का टिकट खर्च वहन करेगी व इस बारे जरूरी कदम उठाएगी।** मेहनतकशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने के मानव सेवा के इस संकल्प में कांग्रेस का यह योगदान होगा।